Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to increase the compensation to be paid to the farmers whose crop damaged due to unseasonal heavy rainfall in Maharashtra.

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित (पालघर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पालघर, महाराष्ट्र में जो बारिश हुई है, पालघर में करीबन 47 हजार हेक्टेयर खेती का नुकसान हुआ है । पालघर ट्राइबल एरिया होने के नाते वहां पर सबसे ज्यादा नागली और वरई तथा अन्य फसलों का काफी नुकसान हुआ है । इसमें किसान पूरी तरह से टूट गया है । वसई और पालघर में सबसे ज्यादा फूलों की खेती होती है । फूलों की खेती करने वाले किसानों का भी भारी मात्रा में नुकसान हुआ है । महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा चीकू का उत्पादन होता है, बारिश की वजह से उसका भी भारी नुकसान हुआ है । राज्य में चीकू का सबसे ज्यादा उत्पादन धांड में होता है । महाराष्ट्र में जो मछुवारे हैं, पालघर में सबसे ज्यादा मछली का उत्पादन होता है, किसानों के साथ-साथ उन मछुवारों की भी मदद करने की आवश्यकता है ।

महोदय, अंत में मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में बारिश के कारण प्रभावित किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के लिए जो 6 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर, राष्ट्रपति शासन होने की वजह से जो 6 हजार रुपये दिया जा रहा है, उसके बदले में करीबन 25 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तथा बागवानी खेती के लिए 18 हजार प्रति हेक्टेयर के बदले 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा उनको दिया जाए ।